आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 30.12.2024 समय: 2.10 PM

मुख्यमंत्री किसान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा से फसलों की क्षति के प्रावधान के अनुसार किसानों को राहत राशि दी जाएगी। देश के साथ प्रदेश में भी मौसम बदला है। किसानों के किसी भी संकट में सरकार संवेदनशील होकर उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को किसी भी माध्यम से फसल बेचे जाने की सुविधा देती है। ऐसे छोटे किसान जिनकी फसलों का उपार्जन नहीं हो पाता और वे अपने स्तर से फसल बेच देते हैं, उन्हें प्रति हैक्टेयर राशि प्रदान करने अथवा बोनस के संबंध में आवश्यक सहायता के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों को भी असमय वर्षा, शीत आदि से बचाव के लिए सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

इसरो प्रक्षेपण

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन - इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग-अनडॉकिंग यानि जोडने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी60 इन दोनों उपग्रह - एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को 476 किलोमीटर की तृतीय कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा।

भारत-वैश्विक वृद्धि

भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार असाधारण वृद्धि दर्ज करते हुए सात सौ बिलियन अमरीकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। इससे भारत विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। 2014 से 2024 के दशक में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 709 बिलियन डॉलर का हुआ था। वैश्विक प्रतिस्पर्धी सूचकांक में 2014 के 71वें स्थान से छलांग लगाते हुए भारत 2018 में 39वें स्थान पर पहुंच गया। यह बुनियादी ढांचा, बाजार के आकार और नवाचार में वृद्धि को दर्शाता है।

क्रिकेट

क्रिकेट में मेलबर्न में बॉर्डर गावस्कर ट्राफी के चौथे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हरा दिया।

340 रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 155 रन पर सिमट गई। यशस्वी जायसवाल ने भारत के लिए सबसे अधिक 84 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दो-एक की बढ़त बना चुका है।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर थम गया है। अब दिन-रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। रविवार की रात कई शहरों में पारा लुढ़का। अब नए साल के पहले दिन यानी, 1 जनवरी से कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होने की सम्भावना है । मौसम विभाग का कहना है कि बर्फीली हवा की वजह से पूरा प्रदेश ठिठुरेगा। सबसे ज्यादा असर उज्जैन और ग्वालियर-चंबल में दिखाई देगा। कई जगहों पर कोहरा भी रहेगा।

सोमवती अमावस्या

सोमवती अमावस्या पर आज प्रदेश की सभी पवित्र नदियों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। सभी घाटों पर आम लोगों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए टीम तैनात की गई है।

जबलपुर में भी ग्वारी घाट और जिलहरी घाट में बड़ी संख्या में लोग स्नान कर चुके हैं। यहां ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से आए पर्यटकों ने भी नर्मदा नदी में डुबकी लगाई।

उज्जैन के सोमकुंड में स्नान कर तीर्थ पर दान-पुण्य और पितृ कर्म कर रहे हैं।

समाचार संक्षेप में..

1. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के तहत आज उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए. उन्होंने कल महू में सेना के प्रशिक्षण केन्द्रों का दौरा कर सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया था.
2. पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघिन पी- 151 ने हाल ही में 3 शावकों को जन्म दिया है। जो लगभग 2 माह के बताए जा रहे हैं। कल पहली बार वह अपने तीनों शावकों के साथ पर्यटकों के सामने आई ।
3. नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी कार्य जारी है। अब तक 64 उपार्जन केन्द्रों पर 88 हजार 49 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है। और

4. जबलपुर से दमोह की ओर जा रहा गोवंश से भरा ट्रक आज बोरिया ग्राम के पास पलट गया। इस हादसे में कई गोवंशों की मौत हो गई, जबकि कुछ घायल हो गए।